

## एक नजर में

### एमडी ड्रग के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**रतलाम।** शहर की स्टेशन रोड पुलिस ने बीती रात महूरोड स्थित सम्यक रेसीडेन्सी के समीप कार में सवार दो युवकों के कब्जे से प्रतिबन्धित ड्रग एमडीएमए बरामद किया। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सम्यक रेसीडेन्सी के पास खड़ी एक सिल्वर कलर की टोयोटा कार न.जीजे 01-आरबी-9458 में बैठे दो व्यक्तियों को पकड़ा और इनकी तलाशी ली गई। तलाशी में एक व्यक्ति की कार्गो पेन्ट में घुटने के पास वाली जेब से प्लास्टिक की थैली में रखा 3.71 ग्राम अवैध एमडीएमए ड्रग बरामद हुआ। पुलिस को नाम पूछे जाने पर उसने अपना नाम कयामुद्दीन पिता नसुरीद्दीन खान नि.हाट रोड वेदव्यास कालोनी व साथी इमरान उर्फ इमरान सुपर पिता मेहमूद हुसैन नि.शहर सराय बताया। पुलिस ने दोनो आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 8 और 22 के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया है।

### कलेक्ट्रेट में गूंजा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान

**रतलाम।** कलेक्टर कार्यालय में सोमवार को माह के प्रथम कार्य दिवस पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान का गायन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, सीईओ जिला पंचायत वैशाली जैन, एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव, कमिश्नर नगर निगम अनिल भाना, एसडीएम आर्ची हरित सहित जिला अधिकारी एवं कलेक्टर कार्यालय के शासकीय सेवक उपस्थित थे।

### विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 हेतु जिला स्तरीय कान्टेक्ट सेंटर 1950 स्थापित

**रतलाम।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालिनी श्रीवास्तव द्वारा जिले में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 (एस.आई.आर.) के संबंध में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय कान्टेक्ट सेंटर टोल फ्री नम्बर (1950) तथा 07412-270417 को निरंतर जारी रखने हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित कर जिला स्तरीय कान्टेक्ट सेंटर के संचालन हेतु दायित्व सौपा गया है। डिप्टी कलेक्टर संजय शर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त कर समस्त कार्मिक समन्वय स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया हैं।

### कमलादेवी कटारिया का स्वर्गवास, परिवार के निर्णय से नेत्रदान

**रतलाम।** शहर के अलकापुरी निवासी स्व. रमणलाल कटारिया की धर्मपत्नी कमलादेवी कटारिया का स्वर्गवास हो गया7 काकानी सोशल वेलफेयर के सचिव गोविन्द काकानी ने बताया कि प्रात: 9 बजे स्वर्गवास हुआ और 2 मिनट बाद परिवार से समाजसेवी मयूर पुरोहित के सहयोग से पुत्र भूपेंद्र, चंद्रप्रकाश, योगेन्द्र,अशोक ,नरेन्द्र कटारिया एवम परिजनों ने नेत्रदान की सहमति प्राप्त की और लगभग 1 घंटे में नेत्रदान संपन्न होकर आगे की प्रक्रिया के लिए चार्टर्ड बस से इंदौर रवाना हो गई। विस्तृत समाचार देते हुए नेत्रम संस्था के हेमंत मूणत ने बताया की मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ.अनीता मुथा को सूचना दी गई।डॉ.मुथा के निर्देशन में नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ. रिशेन्द्र सिसोदिया के नेतृत्व में डॉ.जयेश पटेल, नर्सिंग ऑफिसर राजवंतसिंह .विनोद कुशवाह, ने नीलेश के सहयोग से नेत्रदान की प्रक्रिया को सफलता पूर्वक पूर्ण किया। विशेष उल्लेखनीय यह रहा कि दिवंगत के निवास स्थान तक टीम को पहुंचाने एवं पुन: मेडिकल कॉलेज लौटाने की संपूर्ण व्यवस्था नेत्रम संस्था के सदस्य सुशील मीनू माथुर ने अपने निजी वाहन से की।इस भावुक क्षण में परिजन राजेश कटारिया, नीलेश कटारिया, ओमप्रकाश अग्रवाल ,आनन्द माहेश्वरी मातृशक्ति सहित अनेक स्नेहीजन, शुभचिंतक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहें।काकानी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन एवम नेत्रम संस्था ने कटारिया परिवार के इस निर्णय को 'अंधकार में उजास की लौ' बताते हुए कहा कि नेत्रदान एक ऐसा महादान है, जो मृत्यु के बाद भी जीवन देने का कार्य करता है। आइए, हम सभी संकल्प लें कि जीवन के उपरांत भी किसी की आंखों का उजाला बनें।

### अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में आज लगेगा बकाया वसूली शिविर

**रतलाम।** नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर 1 नवम्बर से आयोजित किये गये है जो 29 नवम्बर 2025 तक चलेंगे।आयोजित शिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकर, जलकर की बकाया राशि जमा करा सकेगें।वार्ड वार आयोजित किये गये वसूली शिविरो के तहत वार्ड क्रमांक 5 व 6 के लिये 4 व 5 नवम्बर को अलकापुरी मांगलिक भवन, वार्ड क्रमांक 8 के लिये 6 नवम्बर को कोमल नगर, वार्ड क्रमांक 5 व 6 के लिये 7 नवम्बर को विनोबा नगर, वार्ड क्रमांक 9 के लिये 8 नवम्बर को तिरूपति/त्रिलोक नगर, वार्ड क्रमांक 8 के लिये 9 नवम्बर को राजबाग/अष्टविनायक, वार्ड क्रमांक 12 के लिये 10 नवम्बर को कस्तुरबानगर, वार्ड क्रमांक 11 के लिये 11 नवम्बर को डोंगरे नगर, वार्ड क्रमांक 14 के लिये 12 नवम्बर को काटजू नगर, वार्ड क्रमांक 11 व 16 के लिये 13 व 14 नवम्बर को कलीमी कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 42 व 43 के लिये 17 नवम्बर को लक्कड़पीठा, वार्ड क्रमांक 19 व 20 के लिये 18 नवम्बर को दीनदयाल नगर, वार्ड क्रमांक 43 व 44 के लिये 19 व 20 नवम्बर को बोहरा बाखल, वार्ड क्रमांक 24 व 25 के लिये 21 नवम्बर को अमलतास गेट, वार्ड क्रमांक 29 के लिये 22 नवम्बर को आनन्द कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 29 व 30 के लिये 23 नवम्बर को प्रताप नगर, वार्ड क्रमांक 30 व 31 के लिये 24 नवम्बर को मिड टाउन कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 31 के लिये 25 नवम्बर को जावरा रोड, वार्ड क्रमांक 31 के लिये 26 नवम्बर को डोसीगांव, वार्ड क्रमांक 32, 34 व 36 के लिये 27 नवम्बर को दिलबहार चौराहा व वार्ड क्रमांक 33 व 35 के लिये 28 व 29 नवम्बर को शास्त्री नगर में कार्यालयीन समय में शिविर आयोजित किये गये है।निगम द्वारा जारी अपील में नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि निगम द्वारा उक्त शिविर बकायादारों की सुविधा के लिए आयोजित किये गये है इन आयोजित शिविरों में बकायादार अपनी बकाया राशि जमा कर निगम को सहयोग प्रदान करें।

### निशान संग कलश यात्रा निकली, विशाल भंडार आयोजित

**जावरा।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा तीन दिवसीय पाट महोत्सव मनाया गया। जिसमे प्रथम दिवस भजन संध्या, दूसरे दिन श्याम भजन अखाडा आयोजन किया। तीसरे दिन सुबह लाभार्थियों द्वारा हवन किया, फिर निशान संग कलश यात्रा जागनाथ महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई श्री श्याम धाम पहुची। जहा बाबा श्याम की आरती की गई। तत्पश्चात भोजन प्रसादी (भंडारे) का आयोजन किया, जिसमे नगर सहित आसपास के 14000 श्रद्धालुओ ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। समिति द्वारा सभी लाभार्थियों, पुलिस प्रशासन , नगर पालिका प्रशासन के साथ जनता का आभार व्यक्त किया।

### जन्म जयंती एवं दीक्षा जयंती पर गायों का स्वामीवात्सलय कराया

**जावरा।** जैन दिवाकर श्रीचौथमल मसा भारतीय संस्कृति की धारा में श्रमण संस्कृति का विशिष्ट स्थान हे! इसी श्रमण परम्परा में एक आदर्श विशिष्ट युग पुरुष सन्त का अभ्युदय हुआ।उनका नाम है श्री चौथमलजी महाराज।जिनका जन्म संवत 1934 की कार्तिक शुक्ला त्रयोदशी को नीमच (मप्र) में माता केशर की कुक्षी से हुआ। पिता थे गंगाराम चौरड़िया। 18 वर्ष की योवनावस्था में संसार की असारता एवम जीवन के साश्वत सत्य का आकलन करने वाले आप वो चिराग थे, जिन्होने अपने ज्ञान पुंज का प्रकाश विकीर्ण कर जगत् के अज्ञान अंधकार को दुर करने तथा विषमताओं को हर्षोल्लास में बदलने का दृढ़ संकल्प लिया। उपाध्याय श्री कस्तुरचंद मसा का जन्म मालवा भूमि के जावरा शहर में विक्रम संवत 1948 में धर्मशीला माता फूली की कुक्षी से हुआ पिताश्री थे रतिचन्द जी चपलोत।आपकी दीक्षा संवत 1962 की कार्तिक शुक्ला त्रयोदशी को रामपुरा में गुरुदेव धेर्यवान आचार्य खूबचंद मसा के पावन सानिध्य में हुई। आपको ज्ञान दाता रहे। दादा गुरुदेव वादीमान मर्दक नंदलाल मसा एव अखण्ड यशधारी आचार्य पूज्य मन्नालाल मसा कि सेवा में संलग्न रहे।बंसतीलाल चपडोद, पारसमल बरडीया, पुखराजमल कोच्चटा, श्रीपाल कोचट्टा सुजानमल कोच्चटा, संदीप रांका, मनोज डांगी, शेखर नाहर, महावीर छाजेड, पुखराज भंडारी, शांतीलाल डांगी, आकाश जैन, राहुल रांका, पवन डांगी, नितिन कोलन, सुधीर कोचट्टा, अजय चपडोद, ऋषभ छाजेड, संदीप जैन आदि उपस्थित थे।

# टीआईटी रोड पर इन्दौर के तीन चोरों ने की थी वारदात,एक गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** पुलिस ने टीआईटी रोड पर हुई चोरी की वारदात में शामिल आरोपी की पहचान की हैं। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोन-चांदी के आभूषणों सहित 2.20 लाख रूपए का सामान व नगदी जब्त की हैं।

**सोने -चांदी के आभूषणों सहित 2.20 लाख का सामान व नगदी जब्त**



मोहित मंत्री पिता सत्यनारायण मंत्री के टीआईटी रोड स्थित घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा सोने-चांदी के जेवरात एवं 30 हजार नगदी चोरी कर ली थी। इसकी शिकायत गई है। मोहित मंत्री पिता सत्यनारायण मंत्री हाल मुकाम राउ, इंदौर ने 20 मार्च 2025 को स्टेशन रोड पर की थी। पुलिस ने शिकायत पर थाना स्टेशन रोड में अपराध क्रमांक 184/2025, धारा 305ए, 331(4) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा सभी थाना प्रभारियों को चोरी एवं संपत्ति संबंधी लंबित अपराधों के निराकरण के निर्देश दिए गए है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम शहर राकेश खाखा एवं नगर पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी स्टेशन रोड निरीक्षक जितेन्द्र पाल सिंह जादौन के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम में उनि मुकेश सस्तिया, प्रआर देवीलाल गुर्जर, जितेन्द्र बघेल, आर लोकेन्द्र सोनी, विनोद माली, राकेश निनामा, ललित वर्मा, राकेश दांगी सम्मिलित थे। टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों, एवं सीसीटीवी फुटेज एनालिसिस एवं मुखबिर तंत्र के आधार पर आरोपी की तलाश की गई। तकनीकी साक्ष्यों से चोरी में संलिप्त आरोपी की पहचान गुरदीप सिंह पिता विजय सिंह निवासी इंदौर के रूप में हुई। आरोपी के तिहाड़ जेल में होने की सूचना पर प्रोडक्शन वारंट पर आरोपी से पूछताछ में उसने अपने साथियों के साथ चोरी की वारदात करना स्वीकार किया।

**यह सामान किया जब्त**

पुलिस टीम द्वारा आरोपी की निशानदेही पर चोरी का माल बरामद किया हैं। इनमें सोने की चैन, सोने की अंगूठियां, सोने के नाक के कांटे, 1 जोड़ी सोने के टॉप्स, 3 जोड़ी चांदी की पायजेब, 3 जोड़ी चांदी की बिछिया, 30 चांदी के सिक्के सहित कुल 2 लाख 20 हजार रुपये का सामान जब्त किया।

### फरार है आरोपी

राजसिंह पिता किरण सिंह, निवासी आकाश नगर, इंदौर। सुखबीर सिंह पिता रघुवीर सिंह, निवासी आकाश नगर, इंदौर।

# एसआईआर की कार्रवाई निर्देशानुसार करें : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह द्वारा सोमवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में एस आई आर, हितग्राही मूलक योजनाओं, सीएम हेल्पलाइन, समग्र ई केवायसी, समयावधि पत्रों, समाधान पोर्टल एवं अन्य विषयों पर विभाग वार समीक्षा कर विभाग प्रमुखों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि एस आई आर मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण काम महत्वपूर्ण है सभी आरओ एवं ईआरओ एक्टिव होकर काम को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार करवाना सुनिश्चित करें। विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में हेल्पलाइन नम्बर 1950 पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के लिए विधानसभा वार टीम गठित कर निराकरण की कार्यवाही निर्धारित समयावधि में करना सुनिश्चित करें। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से करे। एल वन स्तर पर ही एल-1 अधिकारी जवाब पोर्टल पर दर्ज करें। एल-1 अधिकारी का जवाब संतुष्टि पूर्वक नहीं होने पर एल -2, एल-3 अधिकारी शिकायतकर्ता से बात करके संतुष्टि पूर्वक जवाब पोर्टल पर दर्ज करें। स्वास्थ्य विभाग, सहकारिता विभाग, शिक्षा विभाग, नगरीय निकाय एवं राजस्व विभाग को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का जल्द निराकरण करने के निर्देश दिये। हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक शत प्रतिशत निराकरण करने एवं अन्य विभाग से संबंधित शिकायतों को तत्काल संबंधित विभाग को स्थानांतरित करने एवं शिकायत का समाधान कारी निराकरण कर जवाब पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए।

**समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न**




**समयावधि में करे ई-केवायसी का काम**

बैठक में समग्र ई केवायसी की समीक्षा के दौरान सभी नगरीय निकायों को समग्र ई केवायसी का काम त्वरित गति से समयावधि में करने एवं डुप्लीकेट समग्र आई डी को डिलीट करवाने के निर्देश दिए।

### यह रहे मौजूद

बैठक में सीईओ जिला पंचायत वैशाली जैन, एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, एसडीएम आर्ची हरित, नगर निगम आयुक्त अनिल भाना सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सिरप व दवा के बाद 4 साल के बच्चे की तबीयत बिगड़ी, मौत

नवभारत न्यूज



**रतलाम।** जिले के गांव में एक 4 वर्ष के बच्चे की सिरप व दवा खाने के बाद तबीयत बिगड़ने लगी। इसके बाद बच्चे का इन्दौर रतलाम में उपचार चला लेकिन सोमवार को मौत हो गई।

गांव हतनारा के 4 साल के बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई। बच्चे को बुखान आने पर पिता ने गांव के डॉक्टर से उपचार करवाया और सिरव व दवाई लाकर दी थी। उसके बाद बच्चे की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। परिजनों ने इस पर रतलाम और फिर इन्दौर दिखाया। इसके बाद फिर रतलाम के मेडिकल कॉलेज लाकर भर्ती कराया। सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई। मृतक बच्चे का नाम माधव पिता भवंरलाल पाटीदार हैं। पिता ने बताया कि 13 अक्टूबर की रात बेटे को बुखार आया था। गांव के प्राइवेट क्लिनिक के डॉक्टर माधवसिंह के पास से सिरप और दवाई लाकर दी। इसके बाद उलटी होने लगी। दूसरे दिन सुबह ज्यादा तबीयत बिगड़ने पर रतलाम के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया। यहां पर गांव के बच्चों की दी गई सिरप के बारे में बताया कहा कि यह सिरप तो बैन हैं। एमआरआई कराई, तो कहा कि दिमाग में इन्फेक्शन हो गया हैं। यहां से इन्दौर ट्रस्ट के हॉस्पिटल में रेफर किया गया। इन्दौर और फिर रतलाम के प्रायवेट अस्पतालों में उपचार कराया पर लाभ नहीं होने पर मेडिल कॉलेज रतलाम में भर्ती कराया। इसके बाद यहां उपचार चल रहा था। सोमवार सुबह 11.30 बजे बच्चे की मौत हो गई। प्रशासन क्लिनिक का पहले ही सील कर चुका हैं।

### नगरीय निकाय बैंकर्स के साथ समन्वय से काम करें

**रतलाम।** कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के लिए शासन के निर्देशानुसार इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम के क्रियान्वयन के लिए विशेष डी एल सी सी बैठक सोमवार को कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय मे सम्पन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत वैशाली जैन, कमिश्नर नगर निगम अनिल भाना, एलडीएम मोहन लाल मीणा, पीओ डूडा पाठक सहित बैंकर्स उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने योजना का प्रचार-प्रसार करने के लिए बैंको मे फ्लेक्स लगवाने, नगरीय निकाय ऑफिस एवं सार्वजनिक स्थानों पर प्रचार-प्रसार करने के लिए पी ओ डूडा को निर्देश दिए। कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार पी एल आई नियुक्त कर सभी नगरीय निकाय योजना के लिए एक-एक व्यक्ति को बैंको से समन्वय के लिए जिम्मेदारी सौंपे। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 इन्टरेस्ट सब्सिडी स्कीम का लाभ हितग्राहियो को देने के लिए नगरीय निकाय एवं बैंकर्स समन्वय से काम कर लक्ष्य पूर्ति करे।



### वर्ल्ड कप में भारत की जीत पर एसबीआई महिला कर्मचारियों ने ग्राहकों को मिठाई खिलाई

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** महिला वनडे वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के जीतने पर रविवार रात पूरा देश ने खुशियां मनाई। इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी हुई।

सोमवार सुबह बैक खुलते ही भारतीय स्टेट बैंक रतलाम की महिला कर्मचारियों ने भी इस जीत को अनूठे अंदाज में मनाया। शाखा में पहुंचकर अपने साथियों एवं मौजूद ग्राहकों के साथ इस खुशियों को बांटा। महिलाकर्मचारियों ने सभी ग्राहकों मिठाई खिलाकर जीत की शुभकामनाएं दी। इस दौरान नम्रता शुक्ला, चन्दना दवे,अनीता महादाणे, सुनिला अग्रवाल, अशिता सेठिया,अनिता बनोलिया लक्ष्मी पाटीदार तथा प्रियंका रत्नावत सभी सभी को शुभकामनाएं दी।

**गूंजो महिला शक्ति का नारा**

सोमवार को भारतीय स्टेट बैक मुख्य शाखा में भारत की जीत पर उत्सव का माहौल दिखाई दिया। सभी एक-दूसरे को जीत की बधाई दे रहे थे और आवाज आ रही थी 'महिला शक्ति को देखो।

# जिला स्तरीय युवा उत्सव में अरिहंत कॉलेज का उत्कृष्ट प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव में श्री अरिहंत कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल एजुकेशन, रतलाम के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक विधाओं में विजय प्राप्त की।

**प्रतियोगिताओं में पाया प्रथम, द्वितीय स्थान**



महाविद्यालय की छात्रा राधिका व्यास ने एकल गायन (पाश्चात्य) में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। वहीं समूह गान (पाश्चात्य) श्रेणी में राधिका व्यास, काजल बैरागी, तनीषा शर्मा, सक्षम लोट एवं रुद्राक्ष पोरवाल की टीम ने उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान हासिल किया। रंगोली एवं मूर्ति शिल्प प्रतियोगिता में चंचल सोनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में यशस्वी जैन ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। अब ये सभी विजेता विद्यार्थी सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव में रतलाम जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर उप-प्राचार्य डॉ. नितिन राव चव्हाण, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. आनंद त्रिवेदी, युवा उत्सव प्रभारी प्रो. दीपक साहू एवं डॉ. दिलीप लकी ने सभी विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं।

**राज्य स्तर पर करेंगे प्रतिनिधित्व :** महाविद्यालय के विजेता प्रतिभागी अब सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव में रतलाम जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी विद्यार्थी यहां अपनी कला और कौशल का लोहा मनवाएंगे।

# श्री श्वेतांबर जैन वरिष्ठ सेवा समिति का दीपावली मिलन समारोह

**जावरा।** दीपावली का यह पर्व हम सबको प्रेरणा देता है कि जैसे दीपक स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है वैसे ही हम सब भी समाज धर्म और मानवता के लिए प्रकाश बने। वरिष्ठ जन समाज को आईना दिखाते हैं हम लोग भी आपसे प्रेरणा लेकर समाज हीत में कुछ अच्छा करने की सोचते हैं। उक्त विचार महावीर कॉन्वेंट हाई सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर मनीष चतर ने श्री श्वेतांबर जैन वरिष्ठ सेवा समिति द्वारा आयोजित दीपावली मिलन एवं मैत्री मिलन समारोह में व्यक्त किए। कार्यक्रम के विशेष अतिथि लायंस क्लब अध्यक्ष यश जैन एडवोकेट ने कहा कि दीपावली की शुभकामनाएं दी। संस्था अध्यक्ष अभय सुराणा द्वारा समिति के माध्यम से की जा रही सेवा गतिविधियों की विस्तृत जानकारी एवं अतिथि परिचय दिया। स्वागत भाषण कार्याध्यक्ष अनिल चोपड़ा ने दिया। सदस्यों के मनोरंजनार्थ ग्रुप के सभी सदस्यों जिसमें 55 वर्ष से लेकर 85 वर्ष तक के सभी महिला पुरुष ने गरबा खेला। सभी खेलने वालों को राजा रानी सिटी स्पेशल की ओर से मिर्ची के पैकेट वितरित किए। वहीं महिलाओं में प्रथम पुरस्कार मनोरमा देवी आंचलिया, द्वितीय रेखा भंडारी, तृतीय मंजू बाला चतर और पुरुष वर्ग में आनंदीलाल लोढ़ा प्रथम, देवेंद्र धारीवाल द्वितीय व विनोद बरमेचा तृतीय को अजय आंचलिया द्वारा राजा रानी स्पेशल अचार के पैकेट अतिथियों से प्रदान करवाए गए।

**इनका हुआ सम्मान:** समरथमल सुराना, शेखर नाहर, श्रीमती रेखा सुराणा, वीरांगना मधुबाला खटोड़ आदि का चमेली देवी आनंदीलाल संघवी द्वारा लक्ष्मीजी, गणेशजी की आकर्षक गिफ्ट प्रदान की गई। वही संस्था सचिव राजकुमार हरण का अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के रतलाम जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन पुखराज पटवा व अनिल चोपड़ा ने किया।

**आयोजन** — लायंस क्लब ने पीस पोस्टर प्रतियोगिता का किया आयोजन

# रंगों से विश्व शांति, एकता, प्रेम और मानवता का दिया संदेश

नवभारत न्यूज

**जावरा।** लायंस इंटरनेशनल के वार्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत लायंस क्लब द्वारा पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन लायंस नेत्र चिकित्सालय परिसर में सौहार्द के वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब अध्यक्ष यश जैन एडवोकेट ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रीजन चेयरमैन संतोष मैडतवाल, पूर्व ज़ोन चेयरपर्सन शीतल जैन आलोट एवं पूर्व रीजन चेयरपर्सन अरुण संघवी की उपस्थिति रही। संस्था अध्यक्ष यश जैन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बच्चों और अभिभावकों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने अपनी कल्पनाशक्ति और रंगों के माध्यम से विश्व शांति, एकता, प्रेम और मानवता का संदेश अपने चित्रों में खूबसूरती से उकेरा। क्लब अध्यक्ष लायन यश जैन एडवोकेट ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा लायंस क्लब का उद्देश्य केवल सेवा कार्य नहीं,बल्कि समाज में सकारात्मक सोच और संवेदनशीलता का संचार करना है। 'पीस पोस्टर प्रतियोगिता' बच्चों में शांति, सहयोग और मानवता के संस्कारों को विकसित करने का एक सुंदर माध्यम है। जब बच्चे रंगों के माध्यम से शांति का संदेश देते हैं, तो यह हमें याद दिलाता है कि सच्ची प्रगति केवल भौतिक नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों की प्रगति में है। हमारा क्लब सदैव बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहन देने और समाज में सौहार्द की भावना बढ़ाने के लिए तत्पर है। आज इन नन्हे कलाकारों ने अपने चित्रों से यह सिद्ध किया है कि शांति और प्रेम ही मानवता की सच्ची पहचान है। लायंस क्लब जावरा बच्चों के सर्वांगीण विकास, पर्यावरण, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में निरंतर कार्य करता रहेगा। अंत में उन्होंने सभी अतिथियों, निर्णायकों, विद्यालयों के शिक्षकों और अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी का नाम आगे 'मल्टीपल लेवल प्रतियोगिता' हेतु प्रेषित किया जाएगा, ताकि हमारे नगर के बच्चे राज्य और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी कला से नाम रोशन करें।



### इन्हे मिला पुरुस्कार

प्रथम स्थान जयेश्वरी नीतिरंजन पाल, द्वितीय स्थान शिखा झवर, तृतीय स्थान ऋषिका माली को प्राप्त हुआ। इसके साथ ही चार बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतिभागी को लायंस क्लब एवं लायंस इंटरनेशनल की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पीस पोस्टर चेयरपर्सन विनोद सेठिया, पूर्वाध्यक्ष कमल जैन, गोपाल सेठिया, विजय राठौर व अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगणों का विशेष सहयोग रहा। कोषाध्यक्ष राकेश कोचट्टा ने आभार व्यक्त किया।